हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 12 फरवरी 2026

06 पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय...





09 सेहराई कॉलेज में इको क्लब द्वारा पेंटिंग बनाकर दिया गया...





## समाचार संक्षेप

### नपाध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर की भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट



**गुना ।** भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार को नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व पार्षद अरविंद गुप्ता ने जन्मदिन पर पुष्प हार पहना करकृष्ण भगवान की प्रतिमा भेंट कर , शाल श्रीफल भेंट कर मिठाई खिला कर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके आने वाला प्रत्येक नया दिन जीवन में अनेकानेक सफलताएँ एवं अपार खुशियां लेकर आये एवं उनके दीर्घ आयु की प्रभु से कामना की । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अर्जुन राजपूत , राजेश साहू एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### आकांक्षी विकासखंड बमोरी में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का किया गया शुभारंभ

**गुना ।** नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड बमोरी में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ 11 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत बमोरी में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष गायत्री भील रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत के सीईओ पुष्पेंद्र व्यास ने सम्पूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड के छह प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति हेतु तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी दी एवं सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का आह्वान किया।कार्यक्रम में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर बमोरी, समस्त AVFO, आकांक्षी विकासखंड फैलो मयंक पांडेय, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक तथा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया ने तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की ली बैठक

**गुना ।** संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया द्वारा आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत सभी तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कार्यालयीन अनुशासन, समय पालन एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर विशेष रूप से निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर डॉ. खेमरिया ने सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से समय पर कार्यालय उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यालयीन कार्यों के सुचारु संचालन हेतु समय पालन अत्यंत आवश्यक है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।सड़क सुरक्षा के विषय में उन्होंने दोपहिया वाहन से कार्यालय आने वाले कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही कार्यालय आएं। उन्होंने कहा कि यह केवल नियमों का पालन ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय है। बैठक में उन्होंने कहा कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कर्मचारियों को आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्रदान की जा सकें। बैठक के अंत में संयुक्त कलेक्टर ने निर्देशों की अवहेलना करने पर सख्त कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

ठसहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर अंतर्गत 33/11 केव्ही हड्डीमील सब स्टेशन पर विभागीय निर्माण कार्य होने के कारण दिनांक 12 फरवरी 2026 को प्रातः11 बजे से दोपहर 02 बजे तक 11 केव्ही मालपुर आबादी से सम्बधित क्षेत्र, विधार्थीनगर, विध्यांचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड़, आदर्शनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्पणी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा वाला क्षेत्र, श्रीराम कॉलोनी, रसीद कॉलोनी, बांसखेडी, रेल्वे फाटक तक, मालपुर रोड़, सांईसिटी कॉलोनी, संस्कार सिटी वाला क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।

## एटीएम चोरी के प्रयास के मामले में पुलिस की सक्रियता से दो शातिर बदमाश किए गिरफ्तार

**दिसंबर माह में अज्ञात बदमाशों के द्वारा किया था साडा कॉलोनी में एचडीएफसी बैंक का एटीएम चोरी करने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर निरंतर, प्रभावी एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रहीं हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागदर्शन एवं एसडीओपी राघौगढ श्रीमती दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में परिवीक्षाधीन डीएसपी और राघौगढ थाना प्रभारी श्री आनंद कुमार राय तथा उनकी टीम द्वारा एटीएम चोरी के प्रयास के प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलाशा करते हुए उत्तरप्रदेश के दो शातिर बदामशों को गिरफ्तार किया गया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 03-04 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात राघौगढ़ थानांतर्गत साडा कॉलोनी स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में किन्हीं अज्ञात बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ कर एटीएम चोरी करने का प्रयास किया गया था । इस संबंध में एचडीएफसी बैंक शाखा साडा कॉलोनी की मैनेजर सुश्री चंद्रिका शर्मा की रिपोर्ट पर राघौगढ़ थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 349/25 धारा 305(ई), 331(4), 325(5), 62, 112(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना प्रारंभ की गई ।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए राघौगढ थाना पुलिस द्वारा प्रकरण



में त्वरित कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की गई । इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया साथ ही विभिन्न तकनीकि संसाधनों की मदद लेकर आरोपियों की पहचान के सघन प्रयास किए गए, जिसमें पुलिस द्वारा सतत सूचना संकलन, प्रभावी तकनीकि विश्लेषण के आधार पर आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त कार को ट्रेस करते हुए आरोपियों के संबंध में तहत्वपूर्ण सुराग प्राप्त हुए और दो आरोपियों के कटनी जेल में निरूद्ध होने की जानकारी मिलने पर राघौगढ़ थाना पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए दोंनो आरोपी आरिफ पुत्र मोवीन खांन उम्र 35 साल निवासी रसूलपुर औरंगाबाद थाना मावनपुर जिला मेरठ (उ.प्र.) एवं अहसान पुत्र कल्लू खांन उम्र 35 साल निवासी नंगला राई थाना कैराना जिला सामली (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब है कि राघौगढ़ में एटीएम चोरी करने के प्रयास की घटना के बाद एटीएम चोरी की इसी प्रकार की घटनाएं जबलपुर एवं कटनी में भी सामने आईं थीं । जिससे गुना पुलिस द्वारा जबलपुर एवं कटनी पुलिस को बदमाशों के हुलिए एवं घटना में प्रयुक्त वाहन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई । इसके बाद उपरोक्त दोनों बदमाशों को कटनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । राघौगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में परिवीक्षाधीन डीएसपी एवं थाना प्रभारी श्री आनंद कुमार राय, उपनिरीक्षक कमल सिंह मीना, उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह सिकरवार, प्रधान आरक्षक भप्पूलाल, प्रधान आरक्षक बसीर खांन, प्रधान आरक्षक अवधेश रघुवंशी, आरक्षक हरवीर सिंह बागडी, आरक्षक देवेन्द्र नरूका, आरक्षक अमति जाट, आरक्षक बलभद्र सिंह चौहान एवं आरक्षक धर्मेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है ।

**दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी हुई पानी की मोटर बरामद**

## ग्राम बिरियाई में कुंए से पानी की मोटर चोरी का मात्र 24 घंटे में सफल खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के संवेदनशील, सशक्त एवं कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मागदर्शन एवं एसडीओपी गुना मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में कुंभराज थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी के नेतृत्व में भमावद चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौर और उनकी टीम द्वारा ग्राम बिरियाई में कुंए से पानी की मोटर चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हए 02 आरोपी गिरफ्तार कर, जिनके कब्जे से चोरी गई पानी की मोटर बरामद की गई है । उल्लेखनीय है कि गत दिनांक 10 फरवरी 2026 को फरियादी जगदीश यादव निवासी ग्राम बिरियाई द्वारा अपने कुंए से किसी



अज्ञात व्यक्ति द्वारा पानी की पनडुब्बी मोटर चोरी कर लेने की रिपोर्ट कुंभराज थाना क्षेत्र की भमावद चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिस पर से कुंभराज थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 22/26 धारा 302(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई । पुलिस द्वारा प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी हेतु अपना मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर जिनकी पहचान के सघन प्रयास किए गए, इसी दौरान ग्राम गणेशपुरा की पुलिया पर दो संदिग्ध व्यक्तियों के पनडुब्बी मोटर के साथ बैठे होने की मुखबिर सूचना पर भमावद चौकी से पुलिस टीम द्वारा तत्काल गणेशपुरा पुलिया पर पहुंचकर देखा तो जहां पर दोनों व्यक्ति मोटर के साथ बैठे हुए दिखे जिन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर नाम पता पूछने पर जिन्होंनें अपने नाम 1-केशव पुत्र मलखान कंजर उम्र 22 साल एवं 2-धर्मसिंह पुत्र ऊंकार सिंह कंजर उम्र 23 साल निवासीगण सागर का डेरा ग्राम बिरियाई थाना कुंभराज के होना बताए एवं उनके कब्जे में पनडुब्बी मोटर के संबंध में पूछने पर उनके द्वारा उक्त मोटर बिरियाई के जगदीश यादव के कुंए से चोरी करना स्वीकार किया । जिससे आरोपियों के कब्जे से प्रकरण में चोरी हुई पानी मोटर कीमती करीबन 10 हजार रुपये को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया । कुंभराज थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी के नेतृत्व में भमावद चौकी प्रभारी सउनि राजीव गौर, प्रधान आरक्षक जसमन बुनकर, आरक्षक श्रीकांत यादव एवं आरक्षक अवलेश नरवरिया की विशेष भूमिका रही है ।

## सोनी कॉलोनी में महिला के गले से मंगलसूत्र स्नेचिंग के मामले में प्रभावी कार्यवाही


**मात्र 24 घंटे के भीतर घटना का सफल खुलासा कर विधि विवादित किशोर लिया अभिरक्षा में , करीब एक लाख रूपये मूल्य का मंगलसूत्र बरामद**

**गुना।** गुना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर की सोनी कॉलोनी में महिला के गले से मंगलसूत्र स्नेचिंग के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर ही प्रकरण का सफलतम खुलासा करते हुए विधि विवादित किशोर को अभिरक्षा में लेकर जिसके कब्जे से करीब एक लाख रूपये मूल्य का मंगलसूत्र बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है । दिनांक 09 फरवरी 2026 को फरियादिया अनीता बाई धाकड़ निवासी सोनी कॉलोनी गुना ने गुना कोतवाली में रिपोर्ट करते हुए बताया था आज वह अपने घर के सामने थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आया और उसके गले में पहना हुआ सोने का मंगलसूत्र एकदम से झपटकर ले गया । जिसकी रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 70/26 धारा 304(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई । मंगलसूत्र स्नेचिंग की घटना को पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की जल्द से जल्द पतारसी कर उसी शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए । निर्देशानुसार गुना कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी में सक्रियता से जुट गई और इस हेतु तत्काल घटना से संबंधित एवं आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए, जिनके आधार पर शीघ्र ही अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसकी सरगर्मी से तलाश की गई । इसमें पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप दिनांक 10 फरवरी 2026 को प्रकरण में विधि विवादित किशोर को अभिरक्षा में कर जिसके कब्जे से बारदात में छीना हुआ सोने का मंगलसूत्र कीमती करीबन एक लाख रुपये को बरामद किया गया । गुना कोतवाली पुलिस की इस तत्पर एवं सफल कार्यवाही में इंचार्ज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कुशलपाल, सउनि विश्वीर सिंह रधुवंशी, प्रधान आरक्षक उमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक तोमर, आरक्षक शिवकुमार रघुवंशी, आरक्षक विशाल माथुर एवं आरक्षक रवि जाट की सराहनीय भूमिका रही है ।

## ट्रक ड्राइवर ने लगाई फांसी, आर्थिक तनाव बताया जा रहा कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत टकनेरा गांव में 45 वर्षीय ट्रक ड्राइवर मुंशीलाल कुशवाह ने मंगलवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता बुधवार सुबह उस समय चला जब परिजन गायों को बाहर निकालने के लिए सार में पहुंचे और उन्हें रस्सी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही म्याना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भेजकर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के अनुसार मुंशीलाल रात में खाना खाकर सोने चले गए थे। देर रात उन्होंने घर के पास गाय बांधने की जगह पर रस्सी से फंदा बनाकर जान दे दी। सुबह करीब 5 बजे जब परिवार के सदस्य पशुओं को खोलने पहुंचे, तब घटना का



खुलासा हुआ। बताया जा रहा है कि करीब दस दिन पहले उनकी आयशर गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई थी, जिसमें वे घायल भी हुए थे। तब से वाहन खड़ा था और कामकाज बंद होने से वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान चल रहे थे। गाड़ी की किश्त और अन्य देनदारियों को लेकर भी तनाव में थे। मृतक के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## रेलवे स्टेशन रोड पर बढ़ते जा रहे अतिक्रमण से जैन समाज में आक्रोश

**धर्मशाला ट्रस्ट के समीप कब्जे के प्रयास रोकने नपाध्यक्ष को सौंपा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के रेलवे स्टेशन रोड क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण और अवैध कब्जों को लेकर अब जैन समाज खुलकर सामने आ गया है। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन पुण्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र बजरंगगढ़ कमेटी के बैनर तले समाज बंधुओं ने एकत्रित होकर नगर पालिका अध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपते हुए मिश्री बाई चौधरन धर्मशाला ट्रस्ट की भूमि पर हो रहे कथित कब्जे के प्रयासों को तत्काल रोकने की मांग की है। बताया गया कि रेलवे स्टेशन रोड स्थित धर्मशाला का संचालन ट्रस्ट के अधिकार पत्र के आधार पर कमेटी द्वारा किया जाता है। धर्मशाला से लगी ट्रस्ट की भूमि पर हाल ही में एक परिवार विशेष द्वारा सीमेंट के पोल गाड़कर और बाउंड्री वॉल बनाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

आरोप है कि परिवार ने पहले से लगी वायर फेंसिंग को भी उखाड़ दिया है।कमेटी के पदाधिकारियों के अनुसार जब ट्रस्ट की ओर से इस पर आपत्ति दर्ज कराई गई तो



अ.भा.१००८ श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन
पुण्योदय अतिशय तीर्थक्षेत्र

संबंधित परिवार के लोग विवाद और झगड़े पर उतारू हो गए। इससे समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

जैन समाज ने इसे न केवल ट्रस्ट की संपत्ति पर अतिक्रमण, बल्कि धार्मिक और सामाजिक आस्था से जुड़ा गंभीर मामला बताया है।समाज की ओर से नपाध्यक्ष से मांग की गई है कि अवैध कब्जे के प्रयासों को तत्काल रोका जाए और की गई निर्माण गतिविधियों को हटाया जाए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए नपाध्यक्ष ने ज्ञापन को कार्रवाई हेतु प्रभारी सीएमओ को प्रेषित करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।हालांकि अब यह देखना शेष है कि प्रशासन इस प्रकरण में कितनी शीघ्रता से कदम उठाता है। फिलहाल अवैध कब्जे के प्रयासों को लेकर संपूर्ण जैन समाज में रोष और चिंता का माहौल बना हुआ है।

**विधायक जयवर्धन सिंह ने ली समन्वय समिति की बैठक, कार्यकर्ताओं को दिया फील्ड पर उतरने का टास्क**

## मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी की आशंका, ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर करें अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन में बुधवार को राघौगढ़ विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयवर्धन सिंह की अध्यक्षता में समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण और मैराथन बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जयवर्धन सिंह ने मतदाता सूची में हुए व्यापक फेरबदल और विसंगतियों को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों में न बैठें, बल्कि हर बूथ पर जाकर मतदाता सूची की असलियत का पता लगाएं। इस महत्वपूर्ण बैठक में जयवर्धन सिंह के साथ बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल भी विशेष रूप से मौजूद थे।

**मतदाता सूची में व्यापक कटौती:** बैठक को संबोधित करते हुए जयवर्धन सिंह ने मतदाता सूची के आंकड़ों पर गहरी चिंता और आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पहले जो प्रारंभिक जानकारी पीडीएफ के रूप में सामने आई थी, उसमें राघौगढ़ विधानसभा से करीब 12 हजार नाम गायब थे, जबकि गुना विधानसभा में 20 से 25 हजार नाम कम हुए थे। इसी तरह चांचौड़ा और बमोरी में भी हजारों मतदाताओं के नाम काटे गए थे। लेकिन जब फॉर्म-7 (नाम हटाने के लिए आवेदन) की दावे-आपत्तियों की समय सीमा खत्म होने के बाद एसडीएम द्वारा नई सूची जारी की गई, तो स्थिति और भी भयावह निकली। जयवर्धन सिंह ने खुलासा किया कि लगभग प्रत्येक विधानसभा में 50 से 52 हजार लोगों के नाम सूची से हटाने फर्जी आपत्तियां लगाई गईं जिसने आमजन में एक दहशत का वातावरण पैदा किया गया।कई मतदान केंद्रों पर तो एक साथ 100-



200 लोगों के नामो पर फर्जी आपत्तियाँ लगाकर एक ज़बरदस्ती का पैनिक क्रिएट गया। सवाल यह है कि कई जगह तो आपत्तिकर्ता की पहचान तक नहीं हो पाई किसी की वोटर आईडी लगा कर किसी अन्य अनजाने व्यक्ति ने सैंकड़ो आपत्तियाँ लगाईं। कई मामलों में तो बीएलओ यही नहीं पहचान पाए कि आपत्तिकर्ता दरअसल कौन है। यह चिंताजनक बात है कि यह साज़िश रचने वालों पर पुलिस और प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस सम्बंध में कलेक्टर एवं एसपी को शिकायती आवेदन भी कांग्रेस पार्टी द्वारा सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि जब इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उनका तर्क है कि हजारों दावे-आपत्तियां निरस्त की गई हैं। फिलहाल राघौगढ़ में अब 800 के करीब नाम काटे गए हैं। गुना, बमोरी, चांचौड़ा के कार्यकर्ता इन सूचियों को लेकर उनका अवलोकन करें। विधायक ने कार्यकर्ताओं को सचेत करते हुए कहा कि प्रशासन भले ही इसे तकनीकी प्रक्रिया बताए, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ब्लॉक और बूथ स्तर पर जाकर यह देखना होगा कि कटे हुए नाम असल में किसके हैं और उन्हें किस आधार पर हटाया गया है।

### युवाओं और कार्यकर्ताओं के लिए ट्रेनिंग है अनिवार्य


संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के भविष्य और युवाओं के लिए प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) बहुत जरूरी है। उन्होंने ग्वालियर में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए बताया कि वीडियो के माध्यम से कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को जिस तरह दशकों के हिसाब से समझाया गया, वह बहुत ही सरल और प्रभावी तरीका है। बैठक में कार्यकर्ताओं ने मांग उठाई कि वैसा ही व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर गुना में भी आयोजित किया जाना चाहिए, जिस पर जयवर्धन सिंह ने अपनी सहमति जताई। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 22 तारीख को सेवादल अध्यक्ष भार्गव जी का गुना आगमन हो रहा है। इस दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्षों का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही नई मतदाता सूची आएगी, वैसे ही मंडलम और सेक्टर अध्यक्षों के लिए भी विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। जयवर्धन सिंह ने ब्लॉक अध्यक्षों को कड़े लहजे में हिदायत दी कि वे अपनी-अपनी पंचायत समितियों का गठन तत्काल पूर्ण करें और सूची जिला कार्यालय को सौंपें।

## जिला पंचायत सीईओ ने सकतपुर में किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे द्वारा आज ग्राम पंचायत सकतपुर में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे द्वारा ग्राम पंचायत सकतपुर अंतर्गत राम टेकरी पर किये जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ लगाए जा रहे पेवर्स को बदलकर गुणवत्ता पूर्ण पेवर्स लगाने के निर्देश दिये गए। साथ ही हाट बाजार के रख-रखाव के निर्देश भी सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गए। इसी प्रकार उन्होंने पंचायत में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों में भी गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश पंचायत सरपंच को दिये। भ्रमण के दौरान जगवीर चौहान सरपंच, गजेंद्र सोलंकी उपयंत्री आरईएस सहित अन्य पंचायत स्तरीय अमला उपस्थित रहा।

## दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, "समर्पण दिवस" के रूप में मनाई गई



**चाचौड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि, "समर्पण दिवस" के अवसर पर चाचौड़ा मंडल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनके एकात्म मानववाद के सिद्धांत एवं अंत्योदय के विचारों को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पंडित जी का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन निर्माण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के संकल्प का प्रतीक है। उनके आदर्श आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में चाचौड़ा मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, वरिष्ठ नेता राजेश खंडेलवाल, जिला मंत्री द्वय भोला सोनी एवं कुसुम कुशवाह, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण मुरारी शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अजय पारीक, मंडल महामंत्री, वरिष्ठ नेता शौभाग्यमल पालीवाल, सोशल मीडिया संयोजक पंकज साहू सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## उपाध्याय की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन


**आरोन।** भाजपा कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुरजीत सिंह धाकड़ ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को नगला चंद्रभान जिला मथुरा उत्तर प्रदेश के एक छोटे से ग्राम में,हुआ था। बाल्यावस्था से ही उनका जीवन संघर्षों से घिरा रहा 3 वर्ष की आयु में उनके पिता तथा 8 वर्ष की आयु में माता के निधन के पश्चात अपने नाना के यहां उनका लालन-पालन हुआ तथा 10 वर्ष की आयु पूर्ण होते-होते उनके नाना का भी निधन हो गया ऐसी विषम परिस्थिति में अपने भाइयों को संभालना एवं अपना दीक्षा कार्य तथा संघ की शाखा में अपना समय देकर जीवन यापन करना उच्च शिक्षा पूर्ण करने के बाद वे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संपर्क में आए और फिर भारतीय जनसंघ के एक प्रमुख नेता,रूप,में,वे,एकात्म मानववाद के प्रतिपादक तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान एवं विकास की सोच के साथ अपना जीवन पूर्ण किया और 11 फरवरी 1968 को आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना हम सब को समर्पित करते हुए अपनी जीवन लीला पूर्ण की आज हम सब उनके संघर्ष और त्याग और तपस्या तथा उनके बलिदान,को पुण्यतिथि के रूप में अंत्योदय दिवस मनाते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में उनकी परिकल्पना पूर्ण करने के लिए समर्पण भाव से श्रद्धा सुमन,अर्पित कर रहे हैं। पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रसाद शर्मा ने अपने विचार रखते हुए अंतोदय और समग्र विकाश तथा देश की प्रगति की,परि कल्पना तब तक अधूरी है जब तक की समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े,व्यक्ति तक लाभ नहीं पहुंच जाता तथा वह एक स्वदेशी विचारधारा के समर्थक थे पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव सोनी एवं राजेंद्र दुबे ने बताया कि वे केवल शरीर से ही नहीं बल्कि मन बुद्धि और आत्मा से होना चाहिए।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता: सिकरवार

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना.

भारतीय जनता पार्टी गुना द्वारा अंत्योदय प्रणेता,भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी नेता,परम श्रद्धेय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का संघर्ष और समर्पण रहा है। एकात्म मानववाद का मूल मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि जिले के सभी मंडल और बूथ स्तर पर मनाई गई। इसी क्रम में भाजपा जिला कार्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई एवं उनके जीवन के संस्मरणों को कार्यकर्ताओं से साझा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई!इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम पारीक, हरिसिंह यादव, राजेंद्र सिंह सलूजा, अरुण चतुर्वेदी, नीरज निगम, राष्ट्रीय कॉफी बोर्ड भारत सरकार सदस्य मनोज दुबे,नगरपालिका अध्यक्ष सविताअरविंद गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता,डॉ निर्मल सोनी, रमेश मालवीय आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने किया एवं आभार बूढ़े बालाजी मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव ने माना।इस दौरान भाजपा अनिल जैन रूपश्री, वंदना मांढरे,अलका बिंदल, विकास जैन, राजेश साहू, वीरेंद्र सिंह धाकड़, मुकेश ओझा, हरीश उरैया सहित बड़ी संख्या में नगर मंडल एवं बूढ़े बालाजी मंडल पदाधिकारी, मातृशक्ति मोर्चा प्रकोष्ठ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बजरंगगढ़ मंडल ने मनाई पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के बजरंगगढ़ मंडल द्वारा पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुण्यतिथि मनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से गुना विधायक पन्नालाल शाक्य,जिला महामंत्री संतोष धाकड़,जिला उपाध्यक्ष शिवपाल परमार,मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़,रवि गुर्जर,जय सिंह जाट,संजीव धाकड़ आदि उपस्थित ।इस अवसर पर ग्राम छिपोन के आदिवासी बस्ती में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि कहा कि हमारे प्रेरणास्रोत व पथ-प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता,है ।इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की।

# अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मेला स्थल का भ्रमण व निरीक्षण

### महाशिवरात्रि पर्व पर लगेगा तीन दिवसीय मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर में महाशिवरात्रि पर्व के तीन दिवसीय मेला (14 से 16 फरवरी) आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) चाचौड़ा रवि मालवीय, एसडीओपी मनोज झा, तहसीलदार मयंक खेमरिया एवं समस्त अनुविभागीय स्तर के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से मेला स्थल का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला आयोजन की व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मंदिर परिसर में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता, कमजोर एवं जोखिमपूर्ण पेड़ों की छंटाई, ड्रॉप गेट्स की स्थापना, वाहन रूट चार्ट निर्धारण, गर्भगृह में दर्शनार्थियों के सुचारू मूवमेंट, बैरिकेडिंग, दुकानों के आवंटन तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्था आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेला अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

## ग्राम पंचायत भैंसाना में नशामुक्त बनाने जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

नशा मुक्त समाज ही सुखद व स्वस्थ जीवन का आधार है। उक्त वक्तव्य म.प्र. जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक मंजूषा सोलोमन द्वारा कहा ग्राम पंचायत भैसाना में शाला भवन में नशा मुक्ति के विषय पर संगोष्ठि आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम व युवाओं को नशे में धकेलने की साज़िश के विषय में सतर्क व जागरूक रहने की नसीहत प्रदान की इसके उपरांत जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमें नवांकुर मंगल सेवा समिति के सचिव सुरेश केवट व परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा द्वारा पीटती नारी बिकते जेवर बदल शराबी अपने तेवर, बीड़ी पीकर खाँस रहा है मौत के आगे नाच रहा है, स्वस्थ समाज नशा मुक्त समाज के स्लोगन बुलवाए गए परामर्शदाता देवेन्द्र यादव चैन सिंह द्वारा कार्यक्रम का प्रबंधन किया कार्यक्रम का प्रस्ताव व योजना पाठ्यक्रम की छात्रा दीपा भार्गव, राहुल केवट, मुकेश कुशवाह, मनीषा सैनी, बंदना सैनी सुनील सैनी द्वारा किया व अपना असाइनमेंट भी पूर्ण किया।




# दौड़ व ऊंची कूद में दो रजत, दो कांस्य पद हासिल किए

### राघौगढ़ के लाल ने किया थाईलैंड के बैंककांग में भारत का प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघोजी की नगरी का लाल वास्त्री परिवार का हीरा बाल मुकुंद वास्त्री के पुत्र ललित वास्त्री ने थाईलैंड के बैंककांग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मीटर ओर 400मीटर दौड़ एवं ऊंची कूद में दो रजत व दो कांस्य पदक प्राप्त कर परिवार ही नहीं देश का गौरव बढ़ाया है। इसी तारतम्य में रजक समाज एवं उनके परिजनों ने ललित वास्त्री का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर पुष्पहार से सम्मान किया और स्मृति भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सम्मान करने बालों में जिला प्रभारी नारायण लाल रजक , कार्यकारी युवा प्रदेश अध्यक्ष मनीष रजक, दिवाकर आखरे, संभाग प्रभारी एडवोकेट देवेंद्र रजक , वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वास्त्री बाबूलाल वास्त्री ,बालमुकुंद वास्त्री , रमेश चन्द वस्त्रीं ,प्रकाश चंद ,कमलेश वर्मा , दौलत सिंह ,मनीष रजक छावनी आदि सभी समाज जन उपस्थित रहे सम्मान कार्यक्रम सौहाद्र पूर्ण रहा।

## भारतीय रिज़र्व बैंक भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का शुभारंभ

**गुना।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भोपाल द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उद्घाटन किया गया है। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम 9 फरवरी से 13 फरवरी 2026 के बीच मनाया जाएगा।आरबीआई वर्ष 2016 से हर साल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम 'केवाईसी' रखी गई है, जिसका शीर्षक है 'केवाईसी–सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम'। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्मार्ट और सुरक्षित वित्तीय निर्णय लेने में सहायता करना है।आरबीआई भोपाल की क्षेत्रीय निदेशक, सुश्री रेखा चंदनावेली द्वारा केवाईसी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संपूर्ण राज्य में आयोजित किए जायेंगे। इस तरह के 104 रथ पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। क्षेत्रीय निदेशक महोदया ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस वित्तीय साक्षरता सप्ताह का उपयोग अपने ग्राहकों के बीच केवाईसी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए करें।

# आईडी कार्ड, बीमा, मानदेय की मांग का लोकल यूथ सर्वेयरों ने ज्ञापन सौंपा



**शाढ़ौरा।** लोकल यूथ महासंघ के बैनर तले स्थानीय यूथ सर्वेयरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शाढ़ौरा तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को बुधवार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री, भू-अभिलेख आयुक्त ग्वालियर तथा जिला कलेक्टर अशोकनगर के नाम संबोधित था। सर्वेयरों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गईं तो जिले में बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में लोकल यूथ महासंघ अशोकनगर के जिला अध्यक्ष विवेक यादव के मार्गदर्शन तथा तहसील अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर डीसीएस से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को रखा गया। सर्वेयरों ने बताया कि वे राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करते हैं और किसान फसल गिरदावरी, फार्मर आईडी, भूमि केवाईसी सहित एसआईआर कार्य में सक्रिय सहयोग करते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि सर्वेयरों को राजस्व विभाग के आदेशानुसार खेतों में 0 मीटर पर पहुंचकर फसल सर्वे करना पड़ता है। कई खेत गांव से दूर जंगल क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां जंगली जानवरों के हमले का खतरा बना रहता है। इसके अलावा तार फेंसिंग, झटका मशीन आदि के कारण भी सर्वे कार्य में बाधाएं आती हैं। कई बार कुछ कृषकों द्वारा अपमानजनक व्यवहार का सामना भी करना पड़ता है।

सर्वेयरों ने शासन से मांग की कि सभी सर्वेयरों के आधिकारिक आईडी कार्ड जारी किए जाएं, खरीफ फसल 2025 की शेष गिरदावरी भुगतान राशि शीघ्र दी जाए, प्रत्येक सर्वेयर के लिए हेल्थ बीमा पॉलिसी लागू की जाए तथा सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, फसल संबंधी किसी भी दावा-आपत्ति की जांच मौके पर जांच दल की उपस्थिति में ही कर फसल परिवर्तन किया जाए। संगठन मंत्री राजा रघुवंशी, तहसील सचिव विकास राज रघुवंशी, महेश रघुवंशी, सुवेंद्र यादव, नीरज, सौरभ, राजेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया

## मंडल के सभी बूथों पर पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭शाढ़ौरा

भारतीय जनता पार्टी मंडल शाढ़ौरा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर पर शाढौरा मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद्र सिंह,मंडल उपाध्यक्ष भूपेन्द्र दुबे, सतेंद्र चैरसिया, मंडल मंत्री शिवराज सिंह कुंदोरा,मनोज रघुवंशी राजकुमार रघुवंशी,विनय तिवारी,सुगन कुशवाह सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महामंत्री अनिल रघुवंशी, मुनेश अहिरवार, उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव,पदाधिकारियों सभी पर बूथों पुण्यतिथि आयोजन कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया।

# बाल कल्याण समिति में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में एवं न्यायाधीश एवं सचिव मनीष अनुरागी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में बुधवार को बाल कल्याण समिति जिला अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, साथ ही किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यगण के साथ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजन किया गया।

शिविर में किशोर न्याय बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम, 2015 के तहत देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों, छोड़े गए, अनाथ, दिए गए या खोए हुए बच्चों की सुरक्षा, उपचार आदि एवं एकीकृत बाल संरक्षण योजनांतर्गत संस्थाओं जैसे बालगृह, शिशु गृह तथा चाइल्ड लाइन के कार्यों की समीक्षा की गई। जिले में विगत एक वर्ष में बाल कल्याण समिति के द्वारा किए गए कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही शिशुगृह से दत्तक ग्रहण में जा रहे बच्चों की भी विस्तृत जानकारी जिला बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष द्वारा दी गई। साथ ही समिति अध्यक्ष व उपस्थित सदस्यों से बच्चों के प्रति हिंसा, दुव्र्यवहार, उत्पीड़न, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी जैसे मुद्दों पर चर्चा कर उक्त कानूनों के संबध में जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा, नम्रता नायक सदस्य,रानी त्रिपाठी सदस्य,योगेन्द्र प्रसाद दुबे सदस्य, लीगल एड डिफेंस काउंसल अधिवक्ता अभिषेक सिंह यादव एवं पीएलव्ही विवेक यादव भी उपस्थित रहे।

## ईसागढ पुलिस ने 72 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की, एक बाइक भी जब्त की



**अशोकनगर।** थाना प्रभारी ईसागढ थाना प्रभारी उनि मीना रघुवंशी द्वारा अवैध शराब के विरुद्द प्रभावी कार्रवाई करते हुये 72.5 लीटर हाथ भट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब कीमती 10875 रूपये एवं शराब के परिवहन में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल कीमती 60000 रूपये जप्त कर आदतन आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी को सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी ईसागढ उनि मीना रघुवंशी द्वारा टीम गठित कर मोहचार-पिपरौदा के कच्चे रास्ते पर दविस देकर आरोपी रंजीत उर्फ रणजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह सिक्ख उम्र 39 साल निवासी ग्राम पैरवा वार्ड क्रमांक 06 ईसागढ के कब्जे से दो प्लास्टिक की केनों में कुल 72.5 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती करीबन 10875/- रू एवं उक्त शराब के परिवहन में प्रयुक्त बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल कीमती करीबन 60 हजार रूपये की जप्त कर उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 62/26 धारा 34(2), 36,46 आवकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर उक्त आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। आरोपी शराब बेंचने का आदी है जिसके विरूद्ध पूर्व से 07 प्रकरण आवकारी एक्ट एवं 04 प्रकरण अन्य धाराओं में कुल 11 प्रकरण पूर्व से ही पंजीबद्ध है।

## प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन किया जाए। उन्होंने गर्भवती माताओं का ए.एन.सी में शत प्रतिशत पंजीयन किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि एस.एन.सी.यू में भर्ती बच्चों का फॉलोअप लिया जाए। उन्होंने एन.सी.डी.स्क्रीनिंग उच्च रक्तचाप,मधुमेह,सिकल सेल एवं टीबी परीक्षण का कार्य शिविर लगाकर किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सेम एवं मेम बच्चों को एन.आर.सी भर्ती कराया जाए। इस हेतु महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से कार्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करायें। बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर-कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारित कर हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि आंगनबाडी केन्द्रों में नियमित गतिविधियों का आयोजन कराया जाए।

# ध्वजारोहण के साथ मंदिर के 30वे वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत, प्रतिदिन होगें आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

स्थानीय महावीर कॉलोनी स्थित कुंदकुंद दिगम्बर स्वाध्याय श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर पर 30वे वार्षिकोत्सव समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण के साथ की गई। इसी के साथ श्री भक्तांमर महामंडल विधान की शुरूआत हो गई है। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। 11 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में कईं कार्यक्रम आयोजित होगें और विद्वानों का समागम प्रारंभ हो गया है।

11 फरवरी को ध्वजारोहण का यह सौभाग्य प्रकाशचन्द, प्रदीपकुमार, मनीषकुमार परिवार को प्राप्त हुआ। भक्ति भाव से मंत्रोच्चार के बीच ध्वजारोहण किया गया। विधान आयोजन कर्ता परिवार किरण जैन, सुरेन्द्र टेडर्स को यह सौभाग्य मिला, जबकि मंगल कलश स्थापना बंधु परिवार की ओर से सुखवंती बंधु,अक्षय बंधु, अजय बंधु परिवार के द्वारा की गई। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के विधानाचार्य पंडित सुनील कुमार धवल हैं और विद्वान पंडित अनुभव जी करेली के प्रतिदिन प्रवचन होगें। इस आयोजन में प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8.45 बजे तक श्री जिनेन्द्र प्रक्षाल नित्य नियम पूजन और विधान का आयोजन किया जा रहा है। श्री भक्तावर महामंडल विधान के लिए पंडित अनुभव जैन करैली और पंडित श्री सुनील धवल भोपाल को सुनने का सौभाग्य यहां के श्रद्धालुओं को मिलना प्रारंभ हो गया है। इस मौके पर सुबह 9.15 से 10.45 बजे तक पूज्य गुरूदेव के सीडी प्रवचन और समागम विद्वान के प्रवचन हो रहे हैं। प्रवचन की





श्रृंखला दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक और रात्रि में 8.30 से 9.30 बजे तक चल रही है। शाम 7.30 से 8 बजे तक जिनेन्द्र भक्ति एवं आध्यात्मिक पाठ का आयोजन किया जा रहा है।

### 15 फरवरी को शोभायात्रा का आयोजन

विधान के समापन के पश्चात 15 फरवरी को भव्य शोभायात्रा महावीर जैन दिगम्बर मंदिर से निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुभाषगंज, सदर बाजार, गांधी चैक, पुराना बाजार, प्रोशेसन रोड, इन्द्रा पार्क से होते हुए मंदिर परिसर पर पहुंचेगी। जहां शोभायात्रा का समापन होगा, आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायबैनी निवासी भूरी विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामनिवास लोधी ने अड़ीबाजी कर शराब पीने के लिए 500 रूपए नहीं देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरौदा निवासी रेखा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नीलम सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लालमन निवासी गोलू बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीलेश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं कदवाया पुलिस ने पुष्पेन्द्र गुर्जर,पवन गुर्जर, सुरजीत सिक्ख, रणजीत सरदार, कुलविन्दर सरदार के पास से 55 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम फजलपुर निवासी शिशुपाल बागड़ी के पास 08 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने सिलवारा खुर्द निवासी मंगल सिह आदिवासी के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी गांव के मोहन आदिवासी से भी 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है। ईसागढ पुलिस ने वार्ड नम्बर 6 निवासी रणजीत सिक्ख के पास से 72 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### कोठारखेड़ी गांव के हनुमान मंदिर में चोरी

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत कोठारखेडी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने हनुमान मंदिर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया, यहां से चोर मुकुट और कुंडल चोरी कर ले गए हैं। इस मंदिर में चोरों ने दोनों गेटों पर लगे तालों को बिजली से चलने वाली मशीन से काटा, यहां बोर्ड भी जला हुआ मिला है। चोरी के इस सामान का वजन 700 ग्ा्रम बताया गया है। घटना की जानकारी तब मिली जब पुजारी सुबह मंदिर पर पहुंचा। तब मंदिर के गेट खुले हुए दिखे और सामग्री गायब थी, पहले भी यहां पर एक चोरी की घटना घटित हो चुकी है।

### 102 श्रद्धालुओं द्वारा 11016 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया

**अशोकनगर।** शिव नवरात्रि एवं हिंदू लोक रीति रिवाज के अनुसार शिव विवाह महोत्सव के पंचम दिवस के अवसर पर 102 श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पत्रों में 11016 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण हुआ। जिसमें शिव विवाह के पुरोहित पंडित महेंद्र मिश्रा ने विधिवत पूजन पांच उपचार से करवाया गया तथा महिलाओं ने भोले बाबा के चंदन लेपन कर चंदन उबटन के गीत गाए। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव पंचाक्षरी स्त्रोत का पाठ किया एवं सोडसो उपचार से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करवाया। हिंदू लोक रीत रिवाज से मंडप का सामान एकत्रित किया जिसको हम विवाह में मरदार बोलते हैं मरदार पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि भोलेनाथ का आज चंदन लेपन किया गया जिन भगवान शिव शंकर की पूजन करने से पांच देवताओं की अपने आप पूजन हो जाती है उन्होंने बताया कि भगवान शिव शंकर के ऊपर गंगा की धार है तो गंगा पूजन हो गया भगवान शिव शंकर की माथे पर द्वितीय का चंद्रमा है तो चंद्रमा की पूजन हो गई भगवान शिव शंकर के गले में बासुकीनाग है तो उनकी भी पूजन हो गई भगवान शिव शंकर की गले मे राहु का हार बना हुआ है उनकी भी पूजन हो गई राहु ने भी अमृत पिया था भगवान शिव अर्धनारीश्वर हैं तो माता पार्वती की भी पूजन हो गई इस तरह से भगवान शिव शंकर को पूजते समय पांचो की पूजन हो जाती है यह है शिवपूजन का फल कल देवाधिदेव महादेव के विवाह के निमंत्रण पीले चावलों से सभी देवी देवताओं को दिए जाएंगे पूजन के समय सभी देवताओं का सभी रिद्धी सिदियोका निमंत्रण किया जाएगा।

तुलसी सरोवर वेटलैंड को लेकर कलेक्टर और जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए

# प्रशासन की डी-नोटिफिकेशन की कोशिशों पर एनजीटी सख्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के अशोकनगर स्थित तुलसी सरोवर वेटलैंड को लेकर पर्यावरणीय विवाद गहरा गया है। न्यायिक कार्यवाही के दौरान प्रस्तुत तथ्यों को देखकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी ने व्यवस्थाओं की स्थिति पर आश्चर्य और गंभीर चिंता व्यक्त की तथा कहा कि 2017 में अधिसूचित होने के बाद वेटलैंड में हो रही निर्माण गतिविधियाँ नियमों के विपरीत प्रतीत होती हैं । मामले में आरोप है कि वेटलैंड क्षेत्र में व्यापक अनियमित निर्माण किए गए, जिनमें जलाशय के भीतर लंबी कंक्रीट दीवार का निर्माण, भराव कर कृत्रिम द्वीप और पहुँच मार्ग बनाना, दर्जनों दुकानों का निर्माण, सार्वजनिक शौचालयों की स्थापना, तथा ताज़ी मिट्टी डालकर जल सीमा और ऊँचाई बदलना शामिल है। इसके अलावा अतिक्रमण, अपशिष्ट फेंकने और बिना उपचारित पानी के प्रवाह जैसी गतिविधियों पर भी सवाल उठे हैं।

**अतिक्रमण हटाने, प्रदूषण रोकने और संरक्षण उपायों में अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं:** कार्यवाही में यह भी सामने आया कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व आदेशों और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद प्रशासन द्वारा वेटलैंड की पहचान, सीमांकन, डिजिटलीकरण और संरक्षण की प्रक्रिया में ढिलाई बरती गई। याचिका में आरोप है कि जिला स्तर पर वेटलैंड को डी-नोटिफाई करने के प्रयास किए गए, जिन्हें नियमों और न्यायालयीन आदेशों के विपरीत बताया गया है। कुछ पक्षों ने आशंका जताई कि ऐसे कदम राजनीतिक दबाव में उठाए जा रहे हैं, जिससे संरक्षण व्यवस्था कमजोर हो रही है। ट्रिब्यूनल ने राज्य वेटलैंड प्राधिकरण, जिला कलेक्टर अशोकनगर और जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे ग्राउंड ट्रुथिंग, सीमा निर्धारण (डिमार्केशन), प्रभाव क्षेत्र की पहचान कर विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर यह स्पष्ट करने को भी कहा गया है कि अतिक्रमण हटाने, प्रदूषण रोकने और संरक्षण उपायों में अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

**शहर की जल सुरक्षा और भू जल स्तर को बढ़ाने की जरूरत:** पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तुलसी सरोवर क्षेत्र की जल आपूर्ति, भूजल संतुलन और पारिस्थिति के लिए जीवनरेखा है। इसके संरक्षण में किसी भी प्रकार की ढील या डी-नोटिफिकेशन जैसे कदम शहर की दीर्घकालिक जल सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। मामला अब प्रशासनिक जवाबदेही, न्यायालयीन निर्देशों के पालन और जनहित के बीच एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है।

### अशोकनगर का तुलसी सरोवर शहर के बीचों बीच

शहर का तुलसी सरोवर अशोकनगर शहर के बीचों बीच है इस तालाब के होने से इसको पर्याप्त रूप से संरक्षित किए जाने की जरूरत है लेकिन यहां समय समय पर इस तालाब के स्वरूप को बिगाड़ने के प्रयास किए गए जिसके कारण इस तालाब का अस्तित्व संकट के दौर में हैं। 2016 में यहां तत्कालीन एसडीएम द्वारा तालाब के बीच तालाब की ही मिटटी से एक टापू बना दिया गया था, लोग सवाल पूछ रहे हैं इस टापू का उददेश्य क्या है, टापू पर जाने के लिए एक सड़क का निर्माण कर दिया गया। यहां के जनप्रतिनिधि इस तालाब को लेकर क्यों गंभीर नहीं है सवाल यह है। धन्य हो उस समय के जन प्रतिनिधि जिन्होंने इस तालाब के निर्माण को लेकर जी जान एक कर दिया।

### हर शहर में एक तालाब वहां की पहली पहचान

हर शहर में एक तालाब उस नगर की पहचान होता है। चाहे वह राजधानी भोपाल का मामला हो या फिर जबलपुर में एक से बढ़कर एक ताल हों। जब यहां के तालाब पर्यटन और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण सावित हो सकते हैं तो अशोकनगर का तालाब क्यों नहीं, इस तालाब की कहानी पर एक नजर डालें तो इस तालाब का निर्माण वर्ष 1975 से 1977 के बीच किया गया था। 1977 के विधानसभा आम चुनाव से पहले मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ल इस तालाब का लोकार्पण करने आए थे उस समय यह तालाब शहर से बाहर हुआ करता था। इस तालाब से एक नहर भी निकाली गई थी ताकि आस पास की कृषि की सिंचाई भी हो सके लेकिन तालाब के चारों ओर शहर बसता जा रहा है नहर भी बंद हो गई है अब यह तालाब शहर के पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए और शहर के जल स्तर को बढ़ाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह तालाब शहर की धरोहर है जनता की सांसो के लिए जीवन दायक है, यह तालाब रहेगा तो शहर के लोग रहेगें, हमें कम से कम कुछ और नहीं तो तालाब के भले के लिए जरूर सोचना चाहिए।

चोरी का 1.4 लाख का सामान जब्त

## थाना कदवाया के ग्राम ईदौर में एक रात में तीन घरों में हुई चोरियों का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति0 पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कदवाया निरी0 मनीष जादौन द्वारा ग्राम ईदौर में एक रात में तीन घरों में हुई चोरीयों का खुलाशा करते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम ईदौर में हुई चोरीयों को लेकर मुखबिर की सूचना पर से आरोपीगणों महावीर पारदी, संदीप पारदी और रामबाबू पारदी निवासीगण ग्राम बीलाखेडी थाना धरनावदा जिला गुना (म.प्र.) के संबंध में उस गांव के मुखबिरों से चर्चा की ज्ञात हुआ कि महावीर पारदी, संदीप पारदी और रामबाबू पारदी राजगढ थाने के मामले में राजगढ जेल में बंद हैं। आरोपी से पूछताछ हेतु न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आरोपी महावीर से जिला जेल राजगढ में पूछताछ की तो आरोपी ने अपने साथीयों मुरारी पारदी, रामबाबू पारदी और संदीप उर्फ सुमित पारदी के साथ 108 जननी वाहन के ड्राईवर वीरेन्द्र परिहार के साथ मिलकर चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया। न्यायालय के आदेश के पालन में आरोपीगणों महावीर पुत्र बाबू पारदी, संदीप उर्फ सुमित पारदी पुत्र बाबु पारदी, एवं रामबाबु पुत्र जगन्नाथ



पारदी निवासीगण ग्राम बीलाखेडी को जिला जेल राजगढ से प्रोडक्शन वारंट पर न्यायालय पेश किया, बाद आरोपीगणों से पूछताछ हेतु पी.आर. पर थाना लाया जाकर विस्तृत पूछताछ पर आरोपीगणों ने चोरी में हिस्से में आये रुपयों को खर्च करना बताया एवं बकाया चोरी मशरूका को ग्राम गढा जिला गुना के जंगल में नाले के पास छुपाना बताया। पुलिस ने बताये स्थान पर पहुंच कर चोरी मशरूका एक सोने का पैंडल एवं एक सोने की अंगूठी कुल एक तोला सोना कीमती करीवन 1 लाख 40 हजार रूपये की जप्त किया गया एवं आरोपीयों को पुनः जिला जेल राजगढ दाखिल किया।

### सेहराई कॉलेज में इको क्लब द्वारा पेंटिंग बनाकर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**अशोकनगर।** शासकीय सेहराई महाविद्यालय में वुधवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ईको क्लब द्वारा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन तथा आईक्यूएएस के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभागिता की एवं पर्यावरण के प्रति अपनी सुचिता क्रियात्मक अभिव्यक्ति के साथ चित्रकला में प्रदर्शित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबका पुनीत कत्त्रव्य है और वर्तमान में इसकी आवश्यकता भी है,




उन्होंने समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की ईको क्लब प्रभारी डॉ. अंजू सिहारे ने बताया कि प्राचार्य डॉ अतुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आज पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित रही। इसी तरह 13 फरवरी को क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एवं आगामी दिनों में कैंपेन, कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति के सदस्य अभय कुमार सिंघई, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य सेहराई नंदकिशोर मार्कन दो सदस्यीय निर्णायक दल ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर विजेताओं का चयन किया गया। ईको क्लब समिति सदस्य एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रविन्द्र कुमार रितौरिया ने बताया कि 13 फरवरी को होने वाली क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत पर्यावरण से सम्बंधित प्रश्न पूछे जाएँगे तथा आगामी सभी गतिविधियों का विषय भी पर्यावरण जागरुकता से ही जुड़ा हुआ रहेगा। आशा शर्मा ने कहा कि दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रदर्शनी में चयनित विजेताओं को बाद में मंच से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस अवसर पर निर्मल सिंह मटसेनिया व डॉ. संध्या अहिरवार ने समस्त प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी आयोजनों में भी भागीदारी करने हेतु आग्रह किया। समस्त स्टाफ के साथ विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भागीदारी की।

सप्ताह में 3 दिन सेवा की सुविधा मिलेगी

## चंदेरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा 12 फरवरी से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यह पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा भोपाल चंदेरी ओरछा के बीच संचालित होगी, इस हेलीकॉप्टर सेवा से चंदेरी के पर्यटन को बहुत बढ़ावा मिलेगा। पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का जो शेड्यूल फ्लाई ओला द्वारा जारी किया गया है उसके मुताबिक सप्ताह में तीन दिन रविवार, गुरुवार एवं शनिवार को यह सेवा चंदेरी से मिलेगी।

भोपाल एयरपोर्ट से प्रातः 9:30 पर उड़ान प्रारंभ होगी जो चंदेरी प्रातः 10:40 पर आएगी, चंदेरी से प्रातः 11:20 पर उड़ान भरके ओरछा 11:55 पहुंचेगी, ओरछा से दोपहर 12:35 पर उड़ान प्रारंभ कर चंदेरी दोपहर 1:10 पर आएगी चंदेरी से दोपहर 1:30 से उड़ान भरकर भोपाल दोपहर 2:40 पर पहुंचेगी। पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा को जेट सर्व एविएशन द्वारा संचालित किया जाएगा, एजेंसी द्वारा जो किराया निर्धारित किया गया है, उसके तहत भोपाल से चंदेरी का किराया 5500 है चंदेरी से ओरछा 2750 रुपए और भोपाल से ओरछा का किराया 6500 निर्धारित किया गया है। साथ ही ओरछा एवं चंदेरी में 10-10 मिनट के दो शेड्यूल निर्धारित किए गए हैं जिनके तहत चंदेरी एवं ओरछा में हेलीकॉप्टर उड़ान भरेंगे और शहर का भ्रमण कराएंगे, उसके लिए 3500 निर्धारित किए गए।

# जिले में परिवहन विभाग द्वारा प्रारंभ किया जाएगा फिटनेश सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय का परिवहन विभाग इन दिनों स्टाफ की कमी से तो जूझ ही रहा है यहां सप्ताह में एक दिन ही प्रभारी अधिकारी के रूप में रंजना कुशवाह की उपस्थिति का लाभ मिल पाता है। जिसके कारण स्टाफ की कमी तो है ही परिवहन विभाग में अमले की कमी के कारण वह सब काम नहीं हो पा रहे जिसकी जरूरत है।

जिला परिवहन अधिकारी के रूप में रंजना कुशवाह यहां की प्रभारी अधिकारी हैं, उन पर 3 जिलों का प्रभार है जिनमें शिवपुरी, श्योपुर और अशोकनगर जिला शामिल है, जिसके कारण वह मजबूरी में वुधवार को अशोकनगर प्रवास पर रहती हैं, बाकीं दिन पूरा कार्यालय बाबूओं के भरोसे चलता है, कभी कभी स्थिति यह होती है कि अधिकारी के न आने के कारण जिला मुख्यालय पर आने वाले लोग अपना कार्य पूरा न हो पाने के कारण वापिस लौट जाते हैं। कभी कभी एक ही तारीखों में अलग अलग जिलों में बैठक भी होती है जिसके कारण अधिकारी एक ही बैठक में शामिल हो पाते हैं। उसमें अगर वुधवार का दिन निकल गया तो अगले वुधवार का इंतजार करना पड़ता है, इन सब कमियों के बाद भी यह कार्यालय यहां संचालित हो रहा है। हालांकि पिछले दिनों परिवहन विभाग ने यातायात को लेकर अभियान भी चलाया था और जिले भर के स्कूलों में चलने वाले वाहनों की जांच पड़ताल की गई थी। एक अप्रेल से जनवरी 2026 तक चालानी कार्यवाही कर शासन को 11 लाख 70 हजार रूपए का राजस्व अब तक मिल चुका है। परिवहन विभाग इसके अलावा बिना फिटनेश, बिना परमिट,शर्तों का उल्लंघन, पीओसी न होना, नबंर प्लेट न होना, बीमा न होना इस पर भी शख्त है और कार्यवाही




की जा रही है। अभी तक परिवहन विभाग ही वाहनों की फिटनेश की कार्यवाही करता आया है लेकिन अब परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक जिले में फिटनेश सेंटर तैयार किए जा रहे हैं जहां ऑटोमैटिक वाहनों की फिटनेश की पड़ताल होगी। इस तरह की योजना प्रस्तावित है इस योजना के आकार लेने के बाद लोगों को रोजगार भी मिलेगा और ऑटोमैटिक फिटनेश की चैकिंग भी बेहतर तरीके से हो सकेगी। इस सेंटर से प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। फिटनेश सेंटरों पर टैबलेट के माध्यम से वाहनो के फिटनेश की जांच होगी, इस तरह के सेंटर को तैयार करने में लगभग 4 से 5 करोड़ रूपए की लागत आएगी। मुख्य सड़क मार्ग पर यह सेंटर होना चाहिए जिसके लिए 2 एकड़ भूमि का होना आवश्यक है। इसी प्रकार ड्रायविंग सेंटर भी प्रत्येक जिलों में तैयार किए जा रहे हैं जहां ड्रायविंग सिखाने की सुविधा प्रदान की जाएगी, इस तरह के सेंटर के लिए जिला मुख्यालय अशोकनगर में अब तक दो आवेदन आ चुके हैं। यह सेंटर शहर से बाहर बनाए जाएगें, अभी और आवेदनों का इंतजार है, जिसके बाद इनका चयन किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोगों को ड्रायविंग की सुविधा भी मिलेगी, ड्रायविंग का लायसेंस भी प्राप्त हो सकेगा।

# बैठक में जिला अस्पताल में रोगियों की सुविधा को लेकर कई निर्णय लिए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला चिकित्सालय के उन्नयन के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश एवं निर्णय लिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में कराये जाने वाले निर्माण कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कराया जाना सुनिश्चित करें। शासन स्तर से जो भी अनुमति लेना है, उसके लिए प्रस्ताव भेजे जाएं।

बैठक में चिकित्सालय की भण्डार शाखा एवं औषधि वितरण केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु 02 कम्प्यूटर एवं 02 प्रिन्टर क्रय किये जाने,रिकार्ड रूम में रिकार्ड के सुरक्षित संधारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, जिला चिकित्सालय में स्थापित वाटर कूलर्स के साथ आर.ओ. (वाटर प्यूरीफायर) की स्थापना,भण्डार शाखा में औषधि एवं सामग्री के सुरक्षित भण्डारण हेतु 20 हेवी रैक क्रय किये जाने, स्वास्थ्य संस्था सुरक्षा समिति के दिशा-निर्देशानुसार चिकित्सालय भवन में सेन्ट्रलाईज्ड (केन्द्रीयकृत) कन्ट्रोल रूम की स्थापना एवं संचालन हेतु 03 एल.ई.डी. टी.व्ही. एवं अन्य सामग्री क्रय किये जाने, ब्लाईंड स्पॉट की पहचान कर 20 अतिरिक्त सी.सी.टी.व्ही. कैमरों की स्थापना,ऑडियोमेट्री मशीन के क्रय की अनुमति, स्टील अथवा मैटल की 03 सीटर 25 चेयर क्रय अथवा दान कराये जाने हेतु चर्चा कर निर्णय लिये गये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, सिविल सर्जन सहित संबंधित उपस्थित रहे।

श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया नमन

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम किए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

एकात्म मानववाद के प्रणेता,भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को जिले भर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में जिले भर के सभी 778 बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा मुंगावली विधानसभा के बूथ क्रमांक 151 पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मुंगावली में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक



योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। उनका मानना था कि स्वदेशी से ही भारत आत्मनिर्भर बनेगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए देश में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की भावना को लेकर चलते हुए आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। हमारे पूर्वजों ने जो विकसित भारत का स्वप्न देखा था उसे प्रधानमंत्री पूरा करने की ओर अग्रसर है। आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। इस दौरान जिला महामंत्री नरेश ग्वाल जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, मनीष मोदी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय प्लेटफार्म नंबर दो पार्किंग के पास नगर मंडल द्वारा तथा सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पछार मंडल द्वारा पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर पंडित उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, पछार मंडल अध्यक्ष सनत शर्मा, धर्मेंद्र रघुवंशी, सलिल त्रिपाठी, रविंद्र लोधी, ऋषि त्रिपाठी, सोनू रघुवंशी, परमवीर बोपाराय, कृष्णा यादव, मयंक भार्गव, संजय श्रीवास्तव, विपुल जैन, बबलू खां, मुकेश ओझा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मामले में पीडब्ल्यूडी एसडीओ की चुप्पी, एसडीएम ब्यावरा बोले - 'ड्रेनेज कराएंगे'

अनदेखी और मनमानी या फिर लापरवाही से बारिश में डूबेंगे एसडीएम-तहसील कार्यालय ?

# करोड़ों रुपए की हॉस्पिटल रोड बिना नालियों के हो रही तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर की सबसे महत्वपूर्ण और वीआईपी मानी जाने वाली हॉस्पिटल रोड पर करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क तो बनाई जा रही है, लेकिन निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी ने बारिश के पानी निकासी की मूलभूत व्यवस्था ही नहीं की। सड़क के दोनों ओर नालियों व ड्रेनेज का अभाव है, जिससे आगामी बारिश में बड़े जलभराव की आशंका खड़ी हो गई है। चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग पर एसडीएम कार्यालय, तहसील ऑफिस और रेस्ट हाउस जैसे अहम शासकीय भवन स्थित हैं, जो बारिश में पानी से घिर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी हल्की बारिश में सड़क पर पानी भर जाता था। अब सड़क को जब 4-5 फिट तक ऊंचा बना दिया गया है, जिससे पानी आसपास के दफ्तरों और दुकानों की ओर जाने का खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश में हालात गंभीर हो सकते हैं।

मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रेम नारायण धनवाल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विभाग की इस चुप्पी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि क्या बिना समुचित योजना के ही सरकार के करोड़ों रुपये स्वाहा करने की तैयारी की गई? वहीं, एसडीएम ब्यावरा गोविंद कुमार दुबे ने आश्वासन देते हुए कहा है कि "ड्रेनेज की व्यवस्था करवाई जाएगी।" उन्होंने संकेत दिया कि आवश्यक तकनीकी परीक्षण कराकर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, शहरवासियों का कहना है कि आश्वासन नहीं, जमीनी कार्रवाई जरूरी है।

## सवालों के घेरे में पीडब्ल्यूडी

- सड़क बनी, पर नालियां क्यों नहीं?
- जल निकासी की योजना कहां गई?
- क्या तकनीकी स्वीकृति में ड्रेनेज शामिल था?
- करोड़ों खर्च के बाद भी बुनियादी चूक क्यों?



### बारिश में पानी की जद में आएंगे ब्यावरा के ये अहम दफ्तर

- एसडीएम कार्यालय
- तहसील कार्यालय
- बीआरसी कार्यालय
- सुठालिया परियोजना कार्यालय
- रेस्ट हाउस
- आसपास की दुकानें व मकान

### शहर के बुद्धिजीवीयों की मांग

- पक्की नालियों का हो निर्माण
- बारिश से पहले स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था हो
- निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए

शहरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो पहली तेज बारिश ही निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय दावों की पोल खोल देगी। अब देखना यह है कि प्रशासन आश्वासन से आगे बढ़कर जमीनी समाधान कब तक देता है।

### रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी का होगा संकट

सडक की ऊचाई बढ जाने के कारण नगर का रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी न होने के कारण बारिश में पानी भराव की स्थिती बनी रहेगी। जिससे आसपास लगी कॉलानियों एवं व्हीआईपी आगन्तुकों के लिए बीमारियों का खतरा बना रहेगा।



### पीडब्ल्यूडी की अनदेखी करने की कार्यशैली उजागर

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रेमनारायण धनवाल ब्यावरा अस्पताल रोड को बनाना ऐसा मान रहे हैं जैसे मानों सरकार के करोडों रूप्यों को बर्बाद करना हो जैसे। उनकी कार्यशैली से तो यहीं प्रतीत होता है। बिना पानी निकासी के 3 करोड 50 लाख की लागत से बनने वाले 1०47 किलोमीटर की डामरीकृत रोड का भविष्य क्या होगा यह तो समय ही बताएगा। हालात यह है कि एसडीएम ऑफिस के सामने बनाई गई पुलिया में एक तरफ से पाइप डाल दिए गए परंतु दूसरी तरफ से बंद कर दिए गए जिससे पानी निकासी हो ही नहीं पाएगी जिससे डामरीकृत रोड उखडने का खतरा बढ जाएगा।

## जामोंया जोहार में वेश्यावृत्ति बंद कराने के लिए ग्रामीण हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** तहसील अंतर्गत ग्राम जामोंया जोहार में कथित रूप से चल रही वेश्यावृत्ति गतिविधियों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण एकजुट हो गए। ग्रामवासियों ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस कारण गांव में असामाजिक तत्वों का आवागमन बढ़ गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियाँ न पनप सकें। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने को नपा ने की धरपकड़



कुशवाह समाज की छोटी बच्ची को किया था लहू लूहान, खबर के असर से जागी नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नपा द्वारा सजक कार्रवाई करते वार्डों की गली मोहल्लों से आवारा कुत्तों को सुनिश्चित कर निर्धारित रूप में कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर बंदी बनाते हुए वहांन के माध्यम से नगर के बाहर व्यवस्थित रूप में छोड़ने का कार्य करते देखने को मिला हरिभूमि ने प्राथमिकता से यह समाचार प्रकाशित किया था। अखबार की खबर का असर अगर समय रहते पहले नपा जाग जाती तो शायद एक छोटी बच्ची को लहू लोहान होते ना देखना पड़ता परंतु वह तो अनहोनी होने के बाद ही ऐसे कार्यों पर ध्यान जाता है क्योंकि नगर परिषद की जिम्मेदारी होती है कि नगर में आवारा कुत्तों का खौफ नगर में दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा था इसी परिपक्व में कुत्तों को चुन चुन कर पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी है क्योंकि कुछ दिनों पहले नगर के रामपुरिया बालाजी मंदिर के पीछे कॉलोनी में कुशवाह समाज की एक छोटी बच्ची को आवारा आतंकी तीन कुत्तों ने लहू लुहान कर दिया था नगर में अगर आवारा आतंकी कुत्ते ऐसे कृत्य करते हैं तो समस्त जवाबदारी नगर परिषद की होती है अगर वह कुत्ता पालतू है और वहां ऐसे कृत्य करता है तो समस्त जवाबदारी पालतू कुत्ते को पालने वाले मालिक की होती है नपा द्वारा पहले भी ऐसे आवारा कुत्तों को चिन्हित कर पकड़ कर बाहर छोड़ा था परंतु जब जब ऐसी घटनाएं घटित होती है तभी शासन प्रशासन जगता है।

खबर का असर

## आज से शीतलधाम में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के साधक शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण संभवसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में शीतलधाम में 12 से 15 फरवरी तक 4 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि बर्रो वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का मंदिर बनकर तैयार है, जहां गर्भगृह में भगवान आदिनाथ विराजमान होंगे तथा दोनों ओर खड़गासन में अन्य तीर्थंकर प्रतिमाएं होंगी।

लाल चूनर संगठन संयोजिका ने महिला बाल विकास मंत्री से की भेंट

## नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं पर सख्त कानून बनाए जाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सीधे-सीधे महिलाओं की खरीद-फरोख्त से जुड़ी नातरा-झगड़ा कुप्रथाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले के कुछ समाजों में व्याप्त इन कुप्रथाओं की समाप्ति के लिए शासन, प्रशासन द्वारा लाख जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए लेकिन महिला इन कुप्रथाओं की जड़े इतनी गहरी हैं कि पूर्णतः उन्मूलन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उक्त दोनों कुप्रथाओं के लिए अलग से एक ठोस कानून बनाने की मांग को लेकर लाल चूनर संगठन संयोजिका एवं भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी ने गत दिवस राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात थी। दिल्ली के शास्त्री भवन में हुई इस भेंट के दौरान सुस्तानी ने उन्हें उक्त इन कुप्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री अन्नपूर्णा ने उक्त कुप्रथाओं के बारे में बारीकी से समझा विधि विशेषज्ञों से उक्त संबंध में चर्चा का आश्वासन दिया।

### आए दिन सामने आ रहे हैं मामले

नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं के जुड़े नित नए मामले क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े के दौरान चार स्थानों पर संबंधित आरोपियों द्वारा गांवों में पहुंचकर आगजनी घटनाएं की गई। पुलिस ने भी इन मामलों में मुकदमे दर्ज किए हैं।

शादी समारोह में जा रहे ड्राइवर की लगी आंख, डिवाइडर से टकराई कार

## हाईवे पर झपकी ने ली महिला की जान, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



इंदौर से शादी समारोह में शामिल होने चाचैड़ा जा रहा एक परिवार बुधवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। आगरा-मुंबई हाइवे पर धनौरा गांव के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में 67 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इंदौर से चाचैड़ा जा रही कार को 72 वर्षीय सुरेश व्यास चला रहे थे। बताया जा रहा है कि हाइवे पर चलते समय अचानक उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के समय कार में तीन लोग सवार थे। सुरेश व्यास (72) पिता दुर्गाप्रसाद व्यास निवासी 202, सीता श्री रेसिडेंसी, एयरपोर्ट रोड इंदौर, उनकी पत्नी सरिता व्यास (67) और बेटी ज्योति जोशी (52) पति प्रवीण जोशी निवासी देवास मौजूद थीं। दुर्घटना में सरिता व्यास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश व्यास और ज्योति जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने सभी को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. रवि चंद्रावत, डॉ. देवनारायण रुहेला और डॉ. अंकित महोबे ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वही एक महिला मृतिका का सारंगपुर में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### इनका कहना है...

मृतिका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**आकांक्षा हाड़ा थाना प्रभारी सारंगपुर**

## प्रशासन अलर्ट कराया गया पानी का परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप मालवांचल की प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में प्रति वर्ष माघ माह में होने वाले भव्य मेले में शामिल होने तथा माता के दर्शन के लिए पहुंचे कुछ गांवों के बच्चों वा नागरिकों को उल्टी दस्त की शिकायत हो गई। जिसमें लगभग 50 लोगों का स्वास्थ्य खराब हो गया था। शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के निर्देश पर सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी व खाद्य विभाग की टीम के साथ तहसीलदार आकाश शर्मा भैंसवा माताजी पहुंचे जहां जल एवं खाद्य विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का सेंपल लिए जिसकी प्राथमिक जांच की गई एवं उच्च जांच के लिए लेब में सेंपल भेजा गया।

सफलता मिलने पर शासन ने जारी किया प्रशंसा पत्र

## हिरण्यगर्भ अभियान में सारंगपुर विकासखंड की उत्कृष्ट उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित हिरण्यगर्भ अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विकासखंड ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। इस सराहनीय प्रदर्शन पर मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव द्वारा प्रशंसा पत्र जारी कर विभागीय कार्यों की सराहना की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह से जनवरी तक सारंगपुर विकासखंड को कृत्रिम गर्भाधान के 8666 लक्ष्य दिए गए थे, जिसके विरुद्ध विभाग द्वारा 8881 कृत्रिम गर्भाधान सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। यह लक्ष्य का लगभग 102 प्रतिशत है, जो विभागीय अमले एवं पशुपालकों के समन्वित प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। इस उपलब्धि में जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। आदरणीय कलेक्टर, जिला राजगढ़, डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. प्रवीण कुमार दीक्षित के निर्देशन एवं सतत प्रोत्साहन से विभागीय टीम को कार्य करने में विशेष प्रेरणा मिली। साथ ही सारंगपुर के पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों , मैदानी अमले एवं मैत्री गौसेवक कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से अभियान को सफलता मिली।

## हल्दी, मेहंदी रस्म से 5 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव आरंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 15 फरवरी को आ रहे महा-शिवरात्रि पर्व इस बार पांच दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रृद्धालु मातृ-शक्तियों ने खोयरी महादेव धाम पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए हल्दी, मेंहदी, चंदन की रस्म से महोत्सव की शुरूआत की। पांच दिवसीय आयोजन की कड़ी में गुरुवार को 101 ढोली, कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नेवज तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर से आरंभ होकर बैजनाथ महादेव धाम पहुंचेगी।

मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत 13 फरवरी को संगीतमय कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अगले दिवस 14 फरवरी को बिल्वपत्र, भांग, केसर, चंदन, हल्की से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न होगा। अंतिम दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर कुछ विशेष आयोजन रखे जा रहे हैं।

एक बगिया मां के नाम योजना में निष्क्रिय समूहों का बिना आजीविका मिशन कार्यालय को सूचित किए कराया सर्वे

## विकास मिशन प्रबंधक ने थमाया सरपंच और सचिव को नोटिस

अपने चहेतों को लाभ देने के लिए सरपंच ने कर दिया कागजी कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा मध्य प्रदेश दीनदयाल योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना में ग्राम पंचायत धामनिया के सरपंच ,सचिव द्वारा आजीविका मिशन कार्यालय, प्रबंधक खिलचीपुर को बिना सूचना दिए हितग्राहियों के निष्क्रिय समूहों का सर्वे विकासखंड जीरापुर की कृषि सखी के माध्यम से कराया गया जो नियम विरुद्ध है।घोर अनियमितता सरपंच , सचिव द्वारा की गई है, जिस पर विकास मिशन प्रबंधक ने सरपंच, सचिव को नोटिस थमाया है। यही नहीं हितग्राहियों के स्व सहायता समूह वर्तमान में निषक्रिय है। हितग्राहियों समूह सदस्य के नाम श्रीमति रजान बाई पति कंवरलाल जय श्री राम समूह। शांताबाई पति हरिसिंह जय श्रीराम समूह। रेशम बाई पति कंवरलाल,जय श्री राम समूह। कंचन बाई पति बनेसिह,जय श्री राम समूह। लाडबाई पति भगवान सिंह,जय श्री राम समूह। कृष्णा बाई पति मुकेश,जय श्री कृष्ण समूह। वललभ भाई पति भोनसिह ,जय श्री कृष्ण समूह आदि है।

उक्त अंकित समूह वर्तमान में निष्क्रिय है। फिर भी सरपंच , सचिव द्वारा योजना के शुरुआत में ही अपने चहेते हितग्राहियों को योजना का लाभ देकर शासन की राशि का दुरुपयोग कर शासन को चूना लगाया जा रहा है।

### इनका कहना है

हां,ये समूह बन्द है लेकिन इन्हें पुनः चालू करवाकर हितग्राहियों को लाभ दिलवाया जावेगा।

**तरुण भट्ट, ब्लॉक प्रबंधक खिलचीपुर**

## महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारियों जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर में माता पार्वती के विवाह स्थल बाघाबल्डी पर तीन दिवसीय मेले जो महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा के आयोजन की तैयारी जोरो पर चल रही हे,बतादे की माचलपुर नगर मां पार्वती की पावन नगरी कही जाती हे क्योंकि किसी युग में यहां माता पार्वती ओर भगवान शिव का विवाह हुआ था जिसके प्रमाण के रूप में आज भी यहां बाघाबल्डी पर सात फेरे बने हुवे हे, तीन दिवसीय मेले में महाशिवरात्रि पर नगर में भोले की बारात एवं शिवशक्ति मिलन कार्यक्रम होगा अगले दिन बाघाबल्डी पर भजन संध्या एवं समापन दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता हे ,बताते हे कि शिवपार्वती के विवाह के यहां कई प्रमाण आज भी विद्धमान हे ,मेले का आयोजन प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा किया जाता हे जिसमें दुकानें एवं झूले भी लगाए जाते हे।

जाति-प्रमाण संबंधी समीक्षा बैठक में कलेक्टर के अधिकारियों को दिए निर्देश

## ब्यावरा बीईओ को नोटिस, दो अन्य को दी तल्ख हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान संबंधी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं बीईओ जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।




### संकुलवार शिवरि आयोजित करने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में व्यवस्थित रूप से जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रमाण पत्र के अभाव में शैक्षणिक या शासकीय योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रूप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

## भाजपा नगर मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल चैराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष तथा प्रखर राष्ट्रवादी विचारक थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। देश सेवा एवं गरीब कल्याण के लिए उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल महामंत्री कमल राठौर, राजेंद्र सर्वावत, गोकुल दंडवानी,आशुतोष वैद्य, रमेशचंद्र लववंशी, विनोद लववंशी, चांदमल दंडवानी, पार्षद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।